राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

प्लाट नं. 6, एवरेस्ट कॉलोनी, एपेक्स मॉल के पास, लाल कोठी, जयपुर।
Website : rajasthanparamedicalcouncil.org, Contact : 0141-2973804, 2988946

क्रमांक:पैरामेडि.कौं / परीक्षा / सत्र–2017–18 / 2018 /126

दिनांक: 21/8/18

अति–आवश्यक

द्वारा : ई–मेल

प्रधानाचार्य,
समस्त सम्बद्व पैरामेडिकल कॉलेज,
राजस्थान।

विषयः– **सत्र 2017–18 के अभ्यर्थियों के नामांकन (एनरोलमेंट) के क्रम में।**

संदर्भः– **इस कार्यालय के पूर्व पत्र क्रमांक पैरामेडि.कौं / परीक्षा / सत्र–2017–18 / 2018 / 110 दिनांक 16.08.2018 एवं 2398 दिनांक 20.08.2018**

उपर्युक्त सन्दर्भित पत्रों के सम्बन्ध में लेख है कि सत्र 2017–18 के प्रथम वर्ष के सभी छात्रों के नामांकन हेतु नामांकन फार्म मय आवश्यक दस्तावेज 21.08.2018 तक चाहे गये थे लेकिन कई महाविद्यालयों द्वारा दिनांक 21.08.2018 तक नामांकन आवेदन परिषद् में जमा नही करवाये हैं।

नामांकन हेतु महाविद्यालय से प्राप्त आवेदनों के साथ अभ्यर्थियों के शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्राप्त नही हो रही हैं। जिसके अभाव में नामांकन आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये गये हैं।

अतः उक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए निर्देशित किया जाता है कि जिन महाविद्यालयों द्वारा परिषद् में पूर्व में ही अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज (शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र) जमा कराये जा चुके हैं, लेकिन छाया प्रति महाविद्यालय द्वारा नही रखी गई हैं, ऐसे महाविद्यालय में उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार या सम्बन्धित अभ्यर्थी से शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र के दस्तावेज प्राप्त करते हुए नामांकन फॉर्म पूर्ण भरा जावें। यदि अभ्यर्थी के शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्राप्त न होने की स्थिति में सम्बन्धित कॉलेज अपने स्तर से नामांकन फार्म भरते हुए दस्तावेजों को छोड़ते हुए अन्य पूर्ण विवरण भरकर निर्धारित अवधि (28.08.2018 तक) नामांकन फॉर्म जमा करावें।

महाविद्यालय द्वारा निर्धारित अवधि में शेष अभ्यर्थी के मूल दस्तावेज शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र जमा करावें। जिन महाविद्यालयों द्वारा अभ्यर्थी के मूल दस्तावेज शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र निर्धारित अवधि (28.08.2018 तक) में जमा नहीं कराये जायेगें, उन अभ्यर्थियों का नामांकन जारी नहीं किया जायेगा। उसके लिए समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय की होगी।

पत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

(जयसिंह)
आर.ए.एस.
रजिस्ट्रार

क्रमांक:पैरामेडि.कौं / परीक्षा / सत्र–2017–18 / 2018 /126

दिनांक: 21/8/18

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. अध्यक्ष, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
2. परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
3. निजी सचिव, रजिस्ट्रार / टेलीफोन ऑपरेटर, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
4. सर्वर रूम (राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल) को प्रेषित कर लेख है कि वेबसाईट पर आज ही अपलोड कराकर सूचित करें।
5. नोटिस बोर्ड, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
6. संबंधित प्राईवेट फेडरेशन (पैरामेडिल कॉलेज संस्थान सी–18, गिरधारीपुरा, जयपुर, एवं सोसाइटी ऑफ प्राईवेट इंस्टीट्यूट, बी–137 / बी, सेठी कॉलोनी, नियर ट्रान्सपोर्ट नगर, ओबर ब्रिज, आगरा रोड, जयपुर)
7. निजी एवं रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार